सेवा में,

श्रीमान कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी
उत्तर प्रदेश।
चतुर्थ तल विकास भवन,
जनपथ मार्केट लखनऊ - 226001

अवगत कराना है कि स्वतन्त्र इण्डियन लेबर पार्टी का आज तक बैंक में खाता नहीं खुल पाया है खाता न खुलने का कारण निर्वाचन आयोग नई दिल्ली से पार्टी के सम्बन्ध में पूर्ण प्रमाण-पत्र प्राप्त नहीं हुआ है इस कारण विधानसभा चुनाव में पार्टी का कोई भी पैसा खर्च नहीं हुआ है

Vikas Singh
Rana Sarkar

दिनांक :- 21/07/2022

स्वतन्त्र इण्डियन लेबर पार्टी
Rana Sarkar
राष्ट्रीय अध्यक्ष

कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश

चतुर्थ तल विकास भवन,जनपथ मार्केट, लखनऊ–226001

(192)

संख्याः 1442 / सीईओ–2–36 / 2–2017 लखनऊः दिनांकः 07 जून, 2022

सेवा में,

अध्यक्ष / महामंत्री / कोषाध्यक्ष,
Swatantra Indian Labour Party,
Khasra No.916,At Village Dhilawal,Garhiya,Post - Bhopat Patti,P.S. Mau Darwaja,District - Farrukhabad,Uttar Pradesh - 209625

विषयः **राजनैतिक दलों द्वारा निर्वाचन व्यय की विवरणी (Statement of Election Expenditure) फाइल किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में मुझे यह कहना है कि मा0 उच्चतम न्यायालय के आदेश Common cause बनाम भारत संघ एवं अन्य (ए.आई.आर.–1996 एस सी 3081) के क्रम में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एक प्रारूप निर्धारित किया गया है, जिसमें राजनैतिक दलों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे प्रत्येक लोक सभा / राज्य विधान सभा के निर्वाचन के सम्बन्ध में अपने निर्वाचन व्यय का विवरण आयोग की संवीक्षा के लिए प्रस्तुत करें। लोक सभा निर्वाचनों के सम्बन्ध में उक्त व्यय विवरण 90 दिनों के अन्दर तथा विधान सभा निर्वाचनों के लिए उक्त अवधि 75 दिन निर्धारित है। रजिस्ट्रीकृत अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के कार्यालय जिस राज्य में अवस्थित हैं, उक्त राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को उक्त रिपोर्ट निर्धारित समय–सीमा के अन्तर्गत प्रस्तुत किया जाना है। राजनैतिक दलों द्वारा फाइल किये गये विवरण को वेबसाइट पर रखा जाता है।

2– उक्त क्रम में अवगत कराना है कि आपके दल द्वारा उत्तर प्रदेश विधान सभा सामान्य निर्वाचन–2022 में प्रतिभाग किया गया है, परन्तु निर्वाचन व्यय की विवरणी (Statement of Election Expenditure) इस कार्यालय को अभी तक उपलब्ध नहीं कराई गई है, जबकि निर्धारित समय–सीमा समाप्त हो चुकी है।

उक्त परिप्रेक्ष्य में अनुरोध है कि विधान सभा सामान्य निर्वाचन–2022 के सम्बन्ध में निर्वाचन व्यय की विवरणी (Statement of Election Expenditure) इस कार्यालय को अविलम्ब उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि उक्त विवरण को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किया जा सके।

संलग्नक : यथोक्त।

भवदीय,

(मनीष शुक्ल)
संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी।

C:\Users\Admin\Downloads\Telegram Desktop\1442 for Mail Merge.docx